## मध्यप्रदेश नशा नियंत्रण प्रकोष्ठ का कार्यक्रम




इंदौर। मध्यप्रदेश नशा नियंत्रण प्रकोष्ठ के सयोजक राजेश्वर लोनकर के द्वारा हिंदी साहित्य समिति मे किये कार्यक्रम मे मुख्य अथिति पूर्व मन्त्री दिलीप राजपाल एडवोकेट सम्बोधित क़रते हुए कार्यक्रम मे ब्रह्म कुमारी अनीता एवं दीदी उषा के साथ ही विशेष अथिति इंटक नेता जानकीलाल पटेरिया सुखदेव खरबड़ीकर एवं वरिष्ठजन कार्यक्रम मे उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन नामदेव ने किया अथितियो का स्वागत अनीता पटेल ने किया

## बालिकाओं को नि:शुल्क लगाये सर्वाइकल कैंसर बचाव के टीके



इन्दौर। सीएम हाई राइज स्कूल, अहिल्या आश्रम में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निःशुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। भारत विकास परिषद, मालवा शाखा द्वारा आयोजित इस शिविर में 150 वंचित बालिकाओं को टीका लगाया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय सदस्य अरविंद बंडी, क्षेत्रीय संयोजक संपर्क मनीष बिसानी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव में समय पर टीकाकरण बेहद प्रभावी है। समाज में इसके प्रति जागरुकता लाना चाहिए।

## चार दिवसीय नेताजी सुभाष जयंती समारोह



**23 को होगी 6 विभूतियां नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित**

इंदौर। नेताजी सुभाष मंच एवं श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 6 विभूतियों को नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

नेताजी सुभाष मंच के अध्यक्ष मदन परमालिया एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 23 जनवरी को आयोजित अलंकरण समारोह में– डॉ. दिलीप वाघेला को पर्यावरण संरक्षण, श्रीमती पूजा दवे को समाजसेवा, बालक दास घोरेया को समाजसेवा, आदित्य तिवारी को गायन एवं यातायात जागरूकता, संदीप काले को समाजसेवा तथा आफताब आलम कुरैशी को समाजसेवा के क्षेत्र में योगदान के लिए नेताजी सुभाष अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर दादू महाराज, प्रदेश के पूर्व मंत्री सज्जनसिहं वर्मा, अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, विरष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर धवन एवं चेतन चौधरी उपस्थित रहेंगे। यह समारोह 23 जनवरी को प्रातः 10.30 बजे से इंडियन कॉफी हाउस, रीगल तिराहा, रानी सराय में आयोजित होगा।

## संघ के शताब्दी वर्ष पर कोदरिया में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन




इंदौर समीपस्थ ग्राम कोदरिया में आयोजित हिंदू सम्मेलन का कार्यक्रम अत्यंत उत्साह, श्रद्धा और सामाजिक एकता के वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा वर्ग तथा समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित,संस्कार और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करना रहा। सम्मेलन की मातृ शक्ति डॉ. भारती चौधरी रहीं, जिन्होंने अपने उद्बोधन में समाज में शिक्षा, संस्कार और परस्पर सहयोग के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभा सकता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूज्य लोकेशानंद जी शास्त्री ने की। उन्होंने अपने आशीर्वचन में भारतीय संस्कृति, परंपरा और नैतिक मूल्यों के संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा युवाओं से धर्म और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। सम्मेलन के मुख्य वक्ता पवनजी तिवारी, प्रांत सह प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहे। उन्होंने अपने प्रभावी उद्बोधन में हिंदू समाज की एकता, जागरण और सेवा कार्यों की महत्ता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि समाज की शक्ति संगठन में निहित है और हमें मिलकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और ऐसे आयोजनों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। श्री एकेडमी विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, प्रसिद्ध कबीर भजन गायक मंडली ने भजन प्रस्तुत किया । कार्यक्रम का संचालन जयश्री मीणा ने किया।

# कुष्ठ रोग से पीड़ित मांगीलाल भिखारी नहीं, वह सर्राफा बाजार पैसे वसूलने जाते थे

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में हाल ही में सामने आए 'करोड़पति भिखारी' मांगीलाल के मामले ने अब नया मोड़ आ गया है। प्रशासन द्वारा भिखारी बताकर रेस्क्यू किए गए कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति मांगीलाल के परिजनों ने सरकारी दावों को गलत बताया है। मांगीलाल के भतीजे का दावा है कि जब उनकी मांगीलाल से आश्रय गृह में मुलाकात हुई, तो उन्होंने बताया कि वे भिखारी नहीं है।

**परिजनों ने कहा सरकारी दावे गलत, गलतफहमी के कारण उनकी तस्वीरें वायरल हुईं**

वहां सर्राफा बाजार पैसे वसूलने जाया करते थे और किसी गलतफहमी के कारण उनकी तस्वीरें भिखारी के रूप में वायरल हो गईं। मांगीलाल के भतीजे ने कहा कि प्रशासन द्वारा जिस संपत्ति को उसके चाचा की बताया जा रहा है, वह तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है और इसे लेकर गलतफहमी फैलाई गई है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रशासन की ओर से दावा किया गया है कि मांगीलाल के पास तीन पक्के मकान हैं, जिनमें एक तीन मंजिला इमारत भी है। इसके अलावा उसके नाम तीन ऑटो-रिक्शा हैं, जो किराये पर चलते हैं। उनके पास एक कार भी है, जिसके लिए उसने ड्राइवर रखा हुआ है। इन दावों के बाद यह मामला तेजी से सुर्खियों में आया और सोशल मीडिया पर मांगीलाल को लखपति और करोड़पति भिखारी कहा जाने लगा। मांगीलाल के भतीजे ने प्रशासन के दावों पर सवाल उठाते हुए कहा कि उसके चाचा की संपत्ति को लेकर गलत जानकारी दी जा रही है. जिस तीन मंजिला मकान की बात की जा रही है, वह मेरी मां के नाम दर्ज है। सरकारी रिकॉर्ड में सब कुछ साफ है। उस मकान के लोन की किस्तें वह रह रहा है। उसके पास इसके सभी दस्तावेज मौजूद हैं। उसने यह भी बताया कि एक अन्य मकान को लेकर परिवार का किसी दूसरे व्यक्ति से विवाद चल रहा है, जो फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है।

यह पूरा मामला तब सामने आया, जब इंदौर प्रशासन ने शहर को भिखारी-मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया। सराफा क्षेत्र में एक कुष्ठ रोग से पीड़ित व्यक्ति भीख मांग रहा है। सूचना पर पहुंची टीम ने मांगीलाल को रेस्क्यू किया और उसे आश्रय गृह भेज दिया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि मांगीलाल 2021-22 से भीख मांग रहा था। उसने सर्राफा बाजार में 4 से 5 लाख रुपये ब्याज पर दिए हुए हैं, जिनसे उसे रोज़ाना 1000 से 2000 रुपए की आमदनी होती है। इसके अलावा वह भीख से भी रोज 400 से 500 रुपए कमा रहा था। उन्होंने बताया कि फिलहाल मांगीलाल को एक आश्रय गृह में रखा गया है। इंदौर कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन को व्यक्ति की संपत्तियों के बारे में शुरुआती जानकारी मिली है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी तथ्यों और दस्तावेजों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दिवंगत अभिभाषकों के नामिनी /परिजनों को मृत्यु-दावा धनराशि शीघ्र-अतिशीघ्र प्रदान कंरने की मांग

इन्दौर। अभिभाषक संघ इन्दौर के पूर्व–अध्यक्ष गोपाल कचोलिया अभिभाषक ने बताया है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना– 2012 के अन्तर्गत दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को एक लाख रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। लेकिन विगत दो–वर्षो में दिवंगत हुए अभिभाषकों के परिजनों को यह धनराशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा फण्ड में धनराशि नही भेजने के कारण से अभी तक प्राप्त नही हुई है।

इससे दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की थी कि अब अभिभाषकों की मृत्यु के बाद उसके नामिनी/परिजनों को मृत्यु दावा धनराशि के रूप में मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा ढ़ाई लाख रुपए 250000/- रूपए और मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना के अन्तर्गत 250000/- ढ़ाई लाख रुपए दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों को प्रदान किए जाएंगे। वर्ष 2019 से मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद ने तो दिवंगत अभिभाषकों के परिजनों / नामिनी को ढ़ाई लाख रुपए (250000/- रुपए ) प्रदान करना शुरू कर दिया है, लेकिन मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना 2012 के अन्तर्गत मात्र एक लाख रुपए ही प्रदान किए जा रहे है।जिसे वर्ष 2018 में की गई घोषणा के अनुसार बढ़ाकर ढ़ाई लाख रुपए (250000/- रूपए) किये जाने की तीव्र आवश्यकता है। लेकिन विगत दो वर्षो से आवेदन करने वाले सैकड़ों अभिभाषकों के नामिनी /परिजनों को मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रदान की जाने वाली ढ़ाई लाख रुपए की धनराशि तो प्राप्त हो गई है, लेकिन मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना के अन्तर्गत प्राप्त होने वाली एक लाख रुपए की धनराशि मध्यप्रदेश शासन द्वारा मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के फण्ड में धनराशि नही भेजने के कारण से प्राप्त नही हो सकी है।

गोपाल कचोलिया ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव से मांग की है कि दिवंगत अभिभाषकों के नामिनी / परिजनों को मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना-2012 के अन्तर्गत मृत्यु दावा धनराशि शीघ्र अतिशीघ्र प्रदान करवाये और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा वर्ष 2018 में भोपाल में की गई घोषणा अनुसार दिवंगत अभिभाषकों के नामिनी/ परिजनों को मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री अधिवक्ता कल्याण योजना- 2012 के अन्तर्गत एक लाख रुपए की बजाय ढ़ाई लाख रुपए (250000/-रूपये ) की धनराशि दिवंगत अभिभाषकों के नामिनी / परिजनों को मृत्यु दावा धनराशि के रूप में प्रदान करवाने के लिए उचित कार्यवाही शीघ्र अतिशीघ्र करने की कृपा करें।

## 20 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार, जमीन का नक्शा सुधारने के लिए मांगे थे 50 हजार



इन्दौर। लोकायुक्त पुलिस इन्दौर ने एक ट्रेप कार्रवाई कर 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते पटवारी सुनील बेनल पिता फूलसिंह को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी ने जमीन मालिक से जमीन का नक्शा सुधारने के लिए रिश्वत मांगी थी। लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय के अनुसार फरियादी नारायणसिंह परिहार ग्राम भीमपुरा तहसील बदनावर का रहने वाला है तथा खेतीबाडी करता है। उसकी ग्राम भीमपुरा में पुस्तैनी कृषि भूमि है। मौका कब्जा अनुसार नक्शा प्रदर्शित नहीं होने से फरियादी ने त्रुटियों को दुरुस्थ करने हेतु लगभग डेढ वर्ष पहले एसडीएम कार्यालय बदनावर में आवेदन दिया था। एसडीएम कार्यालय में आवेदन पत्र पर डेढ वर्ष तक कार्रवाई नहीं होने पर फरियादी पटवारी हल्का नम्बर 47 (नया-75) वनवासा तहसील बदनावर जिला धार के पटवारी सुनील बेनल से उसने सम्पर्क किया था। सुनील बेनल नायब तहसीलदार टप्पा छोटा नागदा बदनावर (धार) में पदस्थ है। पटवारी बेनल ने फरियादी का नक्शा सुधार करने संबंधी फाईल एसडीएम कार्यालय बदनावर भिजवाने के बदले 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। इस पर फरियादी ने इसकी शिकायत लोकायुक्त एसपी डॉ. सहाय से की। शिकायत सत्यापन उपरांत लोकायुक्त इंस्पेक्टर सचिन पटेरिया के नेतृत्व में टीम का गठन कर योजनाबद्ध तरीके से टीम ने पटवारी बेनल को फरियादी से 20,000 रुपए रिश्वत राशि लेते रंगेहाथ पकड़ उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

## फरियादी के पक्षद्रोही होने के बाद भी चाकू मारने वाले को सात साल की सजा

इन्दौर। अपर सत्र न्यायाधीश अयाज मोहम्मद की कोर्ट ने चाकू मारकर प्राणघातक हमला करने के आरोपी ललित उर्फ लल्ला को फरियादी के पक्ष द्रोही होने के बाद भी चिकित्सकीय साक्ष्य के आधार पर दोषी करार देते सात साल की सजा सुनाई है। आरोपी ने फरियादी को बहाने से गरबा पांडाल में बुलाया था जहां उसके साथ उसकी मां और अन्य परिजन भी थे वहीं उसे चाकू मारें थे।

प्रकरण में अभियोजन पैरवी अपर लोक अभियोजक योगेश जायसवाल ने की। प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि ललित उर्फ लल्ला निवासी राजरानी नगर ने 11 अक्टूबर 2024 को रात 11 बजे कान्हा चौहान निवासी राजेंद्र नगर को फोन कर घर से गरबा पंडाल में बुलाया था जहां कान्हा के साथ उसकी मां और अन्य परिजन गए थे। कान्हा जैसे ही गरबा पांडाल पहुंचा तो लल्ला ने उसको पीछे से चाकू घोंपने के बाद उसकी लात-घूसों से पिटाई की थी। मामले में राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने ललित सहित चार लोगों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर कार्रवाई करते विवेचना उपरांत प्रकरण चालान कोर्ट में पेश किया था जहां सुनवाई दौरान फरियादी कान्हा, उसकी मां और अन्य ने हमलावरों को पहचानने से इनकार कर दिया था। लेकिन प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर यह सिद्ध हुआ था कि चाकू से हमला ललित ने किया वहीं मेडिकल रिपोर्ट में हमला प्राणघातक बताया गया था। जिसके आधार पर सक्षम न्यायालय ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया।

## श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज और भाई मतीदास जी, भाई सतीदास जी और आई दयाला जी की शहीदी शताब्दी को समर्पित सालाना अखण्ड कीर्तन समागम

इन्दौर। प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं परमहंस गुरपुर वासी दिवंगत भाई साहिब भाई रणधीर सिंह जी द्वारा सन् 1903 में स्थापित अंतरराष्ट्रीय अखण्ड कीर्तनी जत्थे द्वारा धन–धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज और उनके साथ शहीद हुए प्यारे सिख भाई मतीदास जी, भाई सतीदास जी और भाई दयाला जी की 350 साला शहीदी शताब्दी को समर्पित सालाना अखण्ड कीर्तन समागम इन्दौर में 22 जनवरी से 26 जनवरी तक विशेष तौर पर आयोजित किए जा रहे हैं।

कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए श्री गुरु सिंह सभा इन्दौर के अध्यक्ष हरपाल सिंह भाटिया एवं महा सचिव प्रितपाल सिंह भाटिया ने बताया कि मानवता के लिए अपना सर्वस्य अर्पित करने वाले धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज ने अपने जीवन से हमें यह सिखाया कि सच्ची भक्ति निस्वार्थ सेवा, प्रेम, क्षमा और समानता के आचरण में प्रकट होती है।

वहीं शहीदों का बलिदान हमारे हृदय में श्रद्धा, साहस और कर्तव्यबोध का संचार करता है। उनका त्याग हमें यह स्मरण कराता है कि धर्म आस्था, सत्य और न्याय के मार्ग पर अडिग रहने का साहस है।

इस समागम में आठ कीर्तन दीवान अलग-अलग गुरुद्वारा साहिबानों में तथा एक विशेष कीर्तन रैण सबाई धन श्री गुरु नानक देव जी महाराज के चरण स्पर्श प्राप्त भूमि इन्दौर के ऐतिहासिक गुरुद्वारा इमली साहिब में आयोजित होगी।

हर साल की तरह यह समागम अखण्ड कीर्तनी जत्था मध्यप्रदेश, श्री गुरु सिंह सभा इन्दौर की प्रबंधक कमेटी गुरुद्वारा श्री गुरु हरकिशन साहिब जी महाराज संत नगर, गुरुद्वारा श्री गुरु हरिराम साहिय जी महाराज न्यू रानी बाग गुरुद्वारा श्री गुर अंगद देव जी महाराज पलसीकर कालोनी, गुरुद्वारा माता साहित्य कौर जी अमितेश नगर, गुरुद्वारा खालसा बाग श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी साग, गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा देवास (मध्यप्रदेश), गुरुद्वारा करतार कीर्तन साहिच राजमोहल्ला एवं गुरु गोबिन्द सिंह स्टडी सर्कल तथा अन्य धार्मिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

पहला कीर्तन दीवान 22 जनवरी 2026 को गुरुद्वारा माता साहिय कौर जी, अमितेश नगर में शाम 7 से 10 बजे तक सजेगा। दूसरा दीवान 23 जनवरी को सुबह 7ः30 से 12 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु हरकिशन साहिब जी महाराज संत नगर में होगा। उसी दिन दोपहर में तीसरा दीवान दोपहर 3 बजे से 4ः30 बजे लक गुरुद्वारा करतार कीर्तन साहिब राजमोहल्ला में तथा शाम में चौथा दीवान गुरुद्वारा श्री गुरु हरिराय साहिब जी महाराज न्यू रानी याग में होगा।

## स्वर्णकार महिलाओं ने मनाया मकर संक्रांति पर्व एवम बसंतोत्सव

इंदौर। श्री मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला समिति ने हल्दी कुमकुम, बसंतोत्सव एवं टिफ़िन पार्टी के साथ मकर संक्रांति मनाई। श्री मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार महिला समिति द्वारा बटुकेश्वरदत्त उद्यान साउथ राज मोहल्ला इंदौर में परंपरागत रूप से मकर संक्रांति एवं बसंत पंचमी का कार्यक्रम सफलता पूर्वक मनाया।



महिला समिति की सभी बहनें महाराष्ट्रीयन साड़ी परिधान में नज़र आई। सभी ने देशी खेल- गिल्ली डंडा, पतंगबाज़ी, तंबोला एवम अन्य गेम्स का आनंद लिया।

सभी महिलाए अपने अपने घरों से स्वादिष्ट व्यंजन बना कर लाई। सभी ने टिफ़िन पार्टी का आनंद लिया।

महिला समिति के द्वारा सभी महिलाओं को हल्दी कुमकुम कर सुहाग सामग्री एवं तिल गुड़ व गिफ़्ट दिए गए।

महिला समिति अध्यक्षा श्रीमती हंसा खत्री, सचिव पिंकी बबेरवाल एवम कोषाध्यक्ष शशिबाला संकत ने बताया कि इस आयोजन से महिला समिति का उद्देश्य है सभी बहनों में आपसी सौहार्द, प्रेम, अपनत्व, उमंग, उत्साह बढ़े - इसकी पूर्ति हुई है।

गेम्स के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया उनके नाम इस प्रकार है।

लकी ड्रॉ श्रीमती मंजू बदलिया (कार्यकारिणी में ) श्रीमती गीता जी सारड़ीवाल बेस्ट ड्रेस अप थीम विनर श्रीमती शांता जौहरी श्रीमती शीतल मोसान 50 वर्ष से अधिक महिलाओं के लिए गेम की विजेता प्रथम श्रीमती उषा जी भंवर, द्वितीय श्रीमती सुमन सुंडीया, तृतीय श्रीमती अनीता खजवानिया रही।

50वर्ष से कम उम्र बहनों के लिए गेम की विजेता द्वितीय गेम में

-प्रथम स्थान पर श्रीमती शीतल ददोलिया

- द्वितीय स्थान पर श्रीमती पायल धूपड

- तृतीय स्थान पर श्रीमती मोना सोनी थीं।

गिफ्ट सौजन्य ज्योति भवर के द्वारा रहा।

## एक पात्रीय लिफाफिया का मंचन आज

इन्दौर। संस्था सूत्रधार द्वारा आज 21 जनवरी को शाम छह बजे से इंदौर प्रेस क्लब के सभागृह में शहर के रंगकर्म प्रेमियों के लिए एक नाट्य प्रस्तुति आयोजित की जा रही है।

सूत्रधार द्वारा आयोजित यह नाट्य प्रस्तुति इस बार एक पात्रीय नाटक की होगी। संस्था के सत्यनारायण व्यास के अनुसार यह नाटक लिफाफिया पर आधारित होगा। जिसकी लेखिका अनुशी अग्रवाल हैं और वही मंच पर अभिनय भी करेंगी।